दिन– सोमवार दिनांक– 05 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र और झारखंड, उत्तरप्रदेश तथा छत्तीसगढ़ में भारी बारिश के चलते राज्य की विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बागमती नदी बेनीबाद में और कोसी नदी बलतारा में खतरे के निशान से ऊपर चली गई है। वहीं, गंगा नदी का जलस्तर पटना के गांधी घाट और भागलपुर के कहलगांव में चेतावनी के स्तर को पार कर गया है। घाघरा और गंडक नदी भी उफान पर है। हमारे संवाददाता ने बताया कि नालंदा के हिलसा अनुमंडल से गुजरने वाली लोकाईन नदी का तटबंध टूटने से बारह से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। इधर, रोहतास जिले में सोन नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से तटीय इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। जलस्तर बढ़ने से इन्द्रपुरी बराज के पैंतीस फाटक खोल दिए गए हैं। दूसरी तरफ, झारखंड के घोड़ा घाट वियर का फॉलिंग शटर टूटने से फल्गु नदी भी उफान पर है। इसके चलते जहानाबाद जिले के मोदनगंज और घोसी अंचल क्षेत्र में नदी का जलस्तर बढ़ गया है। पानी के तेज बहाव से पटना–नालंदा मुख्य मार्ग पर पिताम्बरपुर बरछी बिगहा गांव के पास सड़क क्षतिग्रस्त होने से आवागमन बाधित हो गया है।

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान भोजपुर के सहार में सबसे अधिक छिहत्तर दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर, रोहतास और औरंगाबाद जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। वहीं, राज्य के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है। इस दौरान मेघगर्जन के साथ वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने कहा है कि सहारा इंडिया रियल एस्टेट कंपनी और सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन में निवेश करने वाले सत्रह हजार दो सौ पचास दावेदारों को अब तक एक सौ अड़तीस करोड़ रुपये लौटा दिए गए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह जानकारी दी।

———————————————————————

वैशाली जिले के हाजीपुर औद्योगिक थाना क्षेत्र में हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से नौ कांवरियों की मौत पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने गहरा दुख जताया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मृतकों के निकटतम परिजन को चार–चार लाख रूपये की अनुग्रह राशि उपलब्ध करा दी गई है। इधर, इस हादसे में घायल दो कांवरियों को उपचार के बाद छुट्‌टी दे दी गई है।

———————————————————————

कटिहार जिले के मनिहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत कुमारीपुर कजरा के पास दो मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में चार युवकों की मौत हो गई। चारों युवक मनिहारी घाट पर गंगा जल भरने जा रहे थे। हमारे संवाददाता ने बताया कि दो मृतक कटिहार जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के उदामारहिका गांव के रहने वाले थे। जबकि दो अन्य युवक पूर्णियां जिले के सरसी थाना क्षेत्र के रहने वाले थे।

———————————————————————

आज सावन की तीसरी सोमवारी है। जिला मुख्यायलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि सुबह से ही मंदिरों और शिवालयों में जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है। पूरा वातावरण शिव भजन और बोलबम के जयकारों से गुंजायमान है। मुजफ्फरपुर के बाबा गरीब नाथ, सोनपुर के हरिहर नाथ, पूर्वी चंपारण के अरेराज मंदिर, पटना के बैकटपुर धाम, रोहतास के गुप्ताधाम, जहानाबाद के वाणावर, लखीसराय के

अशोकधाम और मधेपुरा के सिंघेश्वर स्थान समेत प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है।

———————————————————————

पटना के दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत कौरेया गांव स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा से अपराधियों ने बाईस लाख रूपये लूट लिए। वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्र ने बताया कि तीन से चार की संख्या में आए अपराधियों ने हथियार के बल पर बैंककर्मियों और ग्राहकों को बंधक बना कर घटना को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

———————————————————————

समाप्त